Roll No. ....

बी. ए.-10 (कला में स्नातक) संस्कृत

तृतीय वर्ष, सत्र-2014

एस. ए. - 06

वेद, उपनिषद तथा भारतीय दर्शन

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक : 60

नोट : यह प्रश्न-पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खंडों में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खंडों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खंड-क

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खंड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिए गए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो प्रश्नों के उत्तर देने हैं। 2×15=30

1. पुरुष सूक्त के आधार पर विराट पुरुष के स्वरूप एवं कार्यों का उल्लेख कीजिए ।
2. उदाहरण सहित अग्नि सूक्त का सारांश लिखिए ।
3. इन्द्र देवता की विशेषताओं का वर्णन कीजिये ।
4. ऋग्वेद की विषयवस्तु पर प्रकाश डालें ।

खंड-ख

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खंड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिए गए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार प्रश्नों के उत्तर देने हैं। 4×5=20

1. संक्षेप में शिवसंकल्पसूक्त का परिचय दीजिये ।
2. अथर्ववेद के अनुसार कालसूक्त पर टिप्पणी लिखिये ।
3. उपनिषद शब्द से क्या तात्पर्य है ? उपनिषद के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिये ।
4. नचिकेता का परिचय दीजिये ।
5. कठोपनिषद के प्रथम अध्याय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये ।
6. नचिकेता द्वारा माँगे गये तीन वरों का उल्लेख कीजिये ।
7. कठोपनिषद के प्रथम अध्याय के प्रथम मन्त्र का उल्लेख करके उसका अर्थ लिखिये ।
8. विष्णु के स्वरूप पर प्रकाश डालिये ।

खंड-ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खंड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है । इस खंड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

10×1=10

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में उत्तर दीजिये :

1. शिवसंकल्पसूक्त किस वेद से सम्बन्धित है ?
2. अग्निसूक्त के ऋषि कौन हैं ?
3. अग्निसूक्त में किस छन्द का प्रयोग है ?
4. वेद कितने हैं ?
5. शाकल शाखा किस वेद से सम्बन्धित है ?
6. पुरुष सूक्त में कुल कितने मन्त्र हैं ?
7. शिवसंकल्पसूक्त में कितने मन्त्र हैं ?
8. नचिकेता के पिता का क्या नाम था ?
9. नचिकेता ने अग्नि विद्या की प्राप्ति किससे की थी ?
10. यम-नचिकेता संवाद किस उपनिषद में है ?